कार्यालय परियोजना निदेशक,
उत्तर प्रदेश राज्य स्वच्छ गंगा नदी मिशन
प्लाट नं0–18 सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ
website: www.smcg-up.org; email: apd@smcg-up.org

पत्रांक 956/ 0676C/ SMCG/01 दिनांक 26/10/2021

सेवा में,

जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला गंगा समिति
जनपद–बिजनौर, अमरोहा, बदायूं, बलिया, भदोही,
बुलंदशहर, चन्दौली, इटावा, फर्रुखाबाद,
फतेहपुर, गाजीपुर, हापुड़, हरदोई, कन्नौज,
कानपुर नगर, कासगंज, कौशाम्बी, मेरठ, मिर्जापुर,
मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, प्रयागराज,
रायबरेली, सम्भल, शाहजहांपुर, उन्नाव, वाराणसी।

विषयः– 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अन्तर्गत जन–जन को गंगा के प्रति आस्थावान बनाने हेतु दिनांक 01 नवम्बर से 03 नवम्बर 2021 तक 'गंगा उत्सव' कार्यक्रम आयोजित कराये जाने के सम्बन्ध मे।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक महानिदेशक, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, भारत सरकार के पत्र सं. TE-16015/1/2019-GKCNMCG दिनांक 14.10.2021 (प्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अन्तर्गत जन–जन को गंगा के प्रति आस्थावान बनाने हेतु उत्तर प्रदेश राज्य स्तर पर समस्त जिला गंगा समितियों व जिलाधिकारियों के माध्यम से दिनांक 01 नवम्बर से 03 नवम्बर 2021 तक 'गंगा उत्सव' कार्यक्रम आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विगत वर्ष 2017 से प्रतिवर्ष 04 नवम्बर को राष्ट्रीय स्तर पर पर 'गंगा उत्सव' का आयोजन किया जाता रहा है। आप अवगत हैं कि दिनांक 26.09.2021 को मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा 'मन की बात' में 'नदी उत्सव' देश मे मनाने की चर्चा की गई थी, के कम में इस वर्ष 'गंगा उत्सव एक नदी महोत्सव' के रूप में देश के 75 स्थानों पर आयोजित किये जाने का निर्णय राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा लिया गया है। उल्लेखनीय है कि देश में अद्यतन 148 जिला गंगा समितियों का गठन हो चुका है, जिसमें से 48 जिला गंगा समितियां उत्तर प्रदेश में गठित है।

उक्त के कम में आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए अवगत कराना है कि महानिदेशक, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा अपने पत्र दिनांक 13.10.2021 के माध्यम से समस्त अध्यक्ष, जिला गंगा समितियों/जिलाधिकारियों को 'गंगा उत्सव–एक नदी महोत्सव' के रूप में आयोजन हेतु दिशा–निर्देश देते हुए इस कार्यक्रम के भव्य आयोजन हेतु आग्रह किया है। उक्त आयोजन हेतु जिला स्तर पर उपलब्ध विविध फण्ड्स आदि का भी उपयोग किया जा सकता है। 28 जनपद जहां पर पूर्व से ही जिला गंगा समितियां कार्यरत है, वहां पर राज्य स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा जिला गंगा समितियों को रू0 70,000.00 की धनराशि 'गंगा उत्सव–एक नदी महोत्सव' के आयोजन हेतु अवमुक्त की जा रही है।

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा अपने उपरोक्त पत्र दिनांक 13.10.2021 के द्वारा 'गंगा उत्सव–एक नदी महोत्सव' के आयोजन हेतु कतिपय निम्न सुझाव दिये गये हैः–

1. गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की गतिविधियों में प्रतिभाग (आईडिया एण्ड हैंड होर्डिंग अलग से एन.एम.सी.जी. द्वारा साझा किया जायेगा)
2. गंगा दीप उत्सव
3. गंगा आरती,
4. गंगा प्रदर्शिनी
5. गंगा टास्कफोर्स द्वारा मशाल यात्रा, मेरी गंगा मेरी शान अभियान में प्रतिभाग
6. चित्रकला, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, क्विज, गंगा रन, गंगा डॉयलाग, हस्ताक्षर अभियान।
7. सांस्कृतिक कार्यक्रम
8. सेल्फी प्वाइंट जिले की सभी प्राइम लोकेशन पर (डिजाइन अलग से उपलब्ध करायी जायेगी)
9. सभी गंगा घाटों पर योगा और ध्यान कराये जायेंगें।
10. श्रमदान।
11. 'अम्बरेला हैशटैग' महोत्सव के प्रचार–प्रसार हेतु राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

इस कार्यक्रम हेतु राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा निम्न गतिविधियाँ भी की जा रही है:–

1. राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा Continuous Learning and Activity Portal, (CLAP) प्रारम्भ किया जा रहा है।
2. गंगा उत्सव वेबसाइट–www.gangautsav.com भी बनायी गई है, जिससे इस कार्यक्रम से सम्बन्धित सभी रिपोर्ट, फोटोग्राफ, वीडियो आदि अपलोड किये जायेंगें।
3. इसके आधार पर राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा 'बेस्ट पब्लिक इनगेजिंग डिस्ट्रिक्ट' पुरस्कार भी प्रदान किया जायेगा।

प्रत्येक जनपद के जिलाधिकारियों से यह अनुरोध है कि कृपया 'गंगा उत्सव–एक नदी महोत्सव' के भव्य आयोजन हेतु विशिष्ट कार्यक्रम एवं गतिविधियां संचालित कर उनका अभिलेखन यथा वीडियोग्राफ व फोटोग्राफ को वेबसाइट पर अपलोड करते हुए क्रियान्वित करने का कष्ट करें।

<u>संलग्नक</u>– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

26/10/2021

(राजेश कुमार पाण्डेय)
विशेष सचिव,
नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग/
अपर परियोजना निदेशक

प्रतिलिपि– <u>निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित</u>:–

1. निजी सचिव, महानिदेशक, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
3. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन।

विशेष सचिव,
नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग/
अपर परियोजना निदेशक